तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	ओम प्रकाश विधानी **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353791406387005	
15/04/26	अपीलार्थी ओम प्रकाश विधानी निवासी बी 37 उम्मेद क्लब रोड़, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 29.01.2026 खसरा नम्बर 627, 620, 619 और 621 ग्राम चौखा के सीमांकन के संबंध में जानकारी तथा कलक्टर/एसडीएम/तहसीलदार के आदेशों की अनुपालना में की गई कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज एवं विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपील तथ्यात्मक रिपोर्ट 381 दिनांक 16.03.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना तहसीलदार जोधपुर से संबंधित होने के कारण पत्र दिनांक 06.02.2026 के द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर अपीलार्थी को सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
21593837
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.15 15:34:42 IST
Reason: Approved